# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 199 देहरादून शनिवार 18 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

## 'अराजकता नहीं बर्दास्त'

देहरादून, अफजाल अहमद। देशभर में अग्निपथ योजना का विरोध जारी है। इसी क्रम में उत्तराखंड राज्य में भी अग्निपथ योजना का युवा सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। युवाओं के विरोध को देखते हुए डीजीपी अशोक कुमार ने सभी जिलों के कप्तानों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डीजीपी अशोक कुमार ने सभी जनपद प्रभारियों को न सिर्फ अलर्ट रहने के निर्देश दिए बल्कि कोचिंग सेन्टर संचालकों एवं



प्रदर्शनकारी युवाओं से वार्ता करने और यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी स्थिति में शान्ति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित न हो इसके निर्देश दिए। साथ ही डीजीपी अशोक कुमार ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर युवाओं को प्रदर्शन करना है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से, शांतिपूर्वक ढंग से करें। लेकिन कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने का प्रयास ना करे। साथ ही कहा कि देश की संपत्ति आपकी है लिहाजा इसको नुकसान न पहुंचाएं।

## आर्मी, पैरामिलेट्री फोर्स आदि की तैयारी कर रहे छात्रों को जागरूक किया गया





देहरादून, नरेंद्र क्षेत्री। अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य पर फोकस किए हुए है। वहीं इस योजना से अधिकांश युवाओं को सेना में सेवा देने का मौका मिलेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्षी राजनैतिक दल समेत कुछ 'असामाजिक' विचारधारा के लोग अग्निपथ योजना को लेकर आधी अधूरी जानकारी के जरिए युवाओं को बरगलाने लगे हैं। इधर उत्तराखंड में पुलिस की ओर से युवाओं को अग्निपथ योजना को लेकर जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को एसएसपी दून की ओर से परेड मैदान में युवाओं को जागरूक किया गया था। वहीं शनिवार को डीआईजी, एसएसपी देहरादून के आदेश के अनुसार शनिवार को प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश और प्रभारी निरीक्षक विशेष शाखा, चौकी प्रभारी आईडीपीएल, चौकी प्रभारी एम्स के साथ डिग्री कॉलेज ऋषिकेश ग्राउंड, एनसीसी ग्राउंड डिग्री कॉलेज ऋषिकेश, आईडीपीएल ग्राउंड आदि जगहों पर आर्मी पैरामिलिट्री फोर्स आदि की तैयारी कर रहे युवाओं को भारत सरकार द्वारा जारी अग्निपथ योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रसारित हो रही अधूरी जानकारी एवम अफवाहों से सावधान रहने हेतु जागरूक किया गया। सूचित किया गया कि अधूरी जानकारी एवम अफवाहो में आकर कोई ऐसा अनुचित असंवैधानिक कार्य ना करें जिससे कि आपके भविष्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े। उधर, कोतवाली कैंट पुलिस द्वारा चौकी प्रभारी सर्किट हाउस के साथ महिंद्रा ग्राउंड पर आर्मी अन्य फोर्स आदि की तैयारी कर रहे युवाओं को भारत सरकार द्वारा जारी अग्निपथ योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रसारित हो रही अधूरी जानकारी एवम अफवाहों से सावधान रहने हेतु जागरूक किया गया। सूचित किया गया कि अधूरी जानकारी एवम अफवाहो में आकर कोई ऐसा अनुचित असंवैधानिक कार्य ना करें जिससे कि आपके भविष्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

## चार धाम यात्रा के अनुभवों को डॉक्यूमेंटेशन करने की जरूरत बताई



अरुण शर्मा

देहरादून। एसडीसी फाउंडेशन ने उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के विभिन्न अनुभवों को एकत्रित कर उनके डॉक्यूमेंटेशन की जरूरत बताई है, ताकि आने वाले वर्षों में इन अनुभवों का लाभ उठाया जा सके। इस तरह के डॉक्यूमेंटेशन को 'कैप्चरिंग, कंसॉलिडेटिंग एंड कम्यूनिकेटिंग चार धाम यात्रा–2022 एक्सपेरिएन्सेज' नाम देने का भी सुझाव दिया गया है।

एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने इस बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि यात्रा सीजन में जो अधिकारी और कर्मचारी यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं में लगे होते हैं, उनके सामने मुख्य रूप से कौन सी चुनौतियां आई और इन चुनौतियों से निपटने के लिए उन्होंने क्या कदम उठाये, इसे कहीं एकत्रित नहीं किया जाता। अगले वर्षों में जब नए अधिकारी और कर्मचारी आते हैं तो उनके पास कोई पुराना अनुभव नहीं होता और चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें नये सिरे से काम करना पड़ता है। अपने पत्र में एसडीसी फाउंडेशन ने सुझाव दिया है कि तीर्थयात्रा की चुनौतियों और अनुभवों के डॉक्यूमेंटेशन में तीर्थ यात्रा से जुड़े सभी लोगों को शामिल किया जाए। सभी जिलाधिकारी , स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग, पुलिस और तीर्थ यात्रा से जुड़े अन्य सभी विभागों के लोगों से संवाद किया जाए। यात्रा के दौरान उनके अनुभव क्या रहे, इस पर उनसे बातचीत की जाए और तीर्थ यात्रियों, टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स, पुरोहितों, घोड़े खच्चर वालों से भी बात की जाए। सभी के अनुभवों का डॉक्यूमेंटेशन 'कैप्चरिंग, कंसॉलिडेटिंग एंड कम्यूनिकेटिंग चार धाम यात्रा–2022 एक्सपेरिएन्सेज' जैसे किसी नाम से किया जाए। एसडीसी फाउंडेशन के अनुसार यदि तीर्थ यात्रा से जुड़े सभी सभी के अनुभवों का डॉक्यूमेंटेशन करके आने वाले वर्षों की यात्रा प्रबंधन में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उपलब्ध करवाया जाए तो उन्हें जीरो से काम शुरू नहीं करना पड़ेगा । पिछले अनुभवों का लाभ वे कई चुनौतियों का सामना करने में उठा सकेंगे। इससे श्रम, समय और पूंजी की भी बड़ी बचत होगी। पत्र में यह भी सुझाव दिया गया है कि डॉक्यूमेंटेशन का काम राज्य के विश्वविद्यालयों और मैनेजमेंट संस्थानों को सौंपा जाए। राज्य में ऐसे तमाम विश्वविद्यालय और संस्थान हैं जो ये काम आसानी से कर सकते हैं। पत्र में कहा गया है कि इस तरह के डॉक्यूमेंटेशन कुंभ मेला, कांवड़ मेला आदि आयोजनों के लिए भी किया जाना चाहिए, ताकि आने वाले वर्षों में इससे सुविधा मिल सके।

### अग्निवीरों के लिए रक्षा मंत्रालय में भी 10 फीसदी आरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि भर्ती नियमों में जल्द ही बदलाव किए जाएंगे। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भी बदलाव के निर्देश देंगे। गृह मंत्रालय के बाद रक्षा मंत्रालय ने एलान किया है कि वह अग्निपथ योजना में चार साल की ट्रेनिंग पूरे करने वाले अग्निवीरों को अलग–अलग विभागों में 10 फीसदी आरक्षण मुहैया कराएगा। रक्षा मंत्री कार्यालय की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि अग्निवीरों को भारतीय कोस्ट गार्ड से लेकर डिफेंस सिविलियन पोस्ट्स में यह आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा डिफेंस सेक्टर से जुड़ी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में भी युवाओं की भर्ती की जाएगी। यह रिजर्वेशन पूर्व सैन्यकर्मी को दिए जाने वाले आरक्षण से अलग होगा।

## छोटी-छोटी खबरें

### अग्निपथ योजना भारतीय सेना को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने वाली: कौशिक

देहरादून। अग्निपथ' योजना को लेकर विपक्ष के विरोध का जबाव देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक ने भरोसा जताया कि यह योजना भारतीय सेना को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने वाली एवं युवाओं को अधिक सक्षम व जागरूक बनाने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं और कुछ तथाकथित बुद्धिजीवियों को इस योजना के उज्ज्वल भविष्य में अपना भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है, यही वजह है कि वह लोग युवाओं को भ्रमित कर उकसाने का काम कर रहे हैं। मदन कौशिक ने कहा कि इस प्रक्रिया में हमारे सैन्य बहुल राज्य के युवाओं को भी अग्निवीर बनकर एक अछे रोजगार के साथ 4 साल देश की सेवा का अवसर मिलेगा। जिनमें एक चौथाई सेना में आगे की सर्विस पूरा करेंगे एवं शेष सेना से प्राप्त स्किलड अनुभव और एकमुश्त लगभग 12 लाख की धनराशि के साथ अपने जीवन में बेहतर करने के लिए स्वतंत्र होंगे । उन्होने खुशी जताते हुए कहा इस संबंध में उत्तराखंड सरकार इन अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने के लिए नियमावली भी बनाने जा रही है । प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की इन युवाओं को उत्तराखण्ड पुलिस आपदा प्रबन्धन, चार धाम यात्रा प्रबन्धन सहित अनेक सेवाओं में प्राथमिकता देने की घोषणा स्वागत योग्य है। उन्होने जानकारी दी कि सरकार से अलग भी निजी क्षेत्र की कई बड़ी कंपनियाँ व पब्लिक सेक्टर यूनिट भी उन्हे अपने यहाँ हाथो हाथ लेने की घोषणा भी कर चुकी हैं।

### योग दिवस पर उत्तराखंड की बेटी दीपा पीएम मोदी के साथ करेगी योगा

नैनीताल। उत्तराखंड की बेटी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम मोदी के साथ योग करेगी। 11 साल की दीपा के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर की है। दीपा अपने प्रशिक्षक कंचन रावत के साथ दिल्ली रवाना हो गई हैं। महाधिवक्ता कार्यालय नैनीताल में माली के पद पर कार्यरत किशन गिरि की बेटी दीपा गिरि का चयन अंडर–14 राष्ट्रीय योग ओलंपियाड के लिए हुआ है। योग दिवस पर 21 जून को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में योग कार्यक्रम होगा। तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र निवासी दीपा गिरि (11) अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में छठी कक्षा की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि वह नौ साल की उम्र से योग कर रही हैं। भविष्य में योग के क्षेत्र में ही करिअर बनाना चाहती हैं।

### आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**
प्रवीन भारद्वाज– 9837625470
डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772
डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13
दूरभाष : 9837625470
फैक्स : 0135-2740155
ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com
visit:- https://crimepatrol.live

# अमेरिका–ब्रिटेन–रूस की सेनाओं की तर्ज पर है अग्निपथ योजनाः अजय भट्ट

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नैनीताल। केंद्र सरकार ने एक बड़ी महत्वाकांक्षी योजना अग्निपथ लॉन्च की, लेकिन देशभर के साथ ही उत्तराखंड में भी इसका जोरदार विरोध हो रहा है। युवा सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सेना के ढांचे में बदलाव के मामले पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने इसे युवाओं के हित में बताया है। साथ ही कहा कि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, और चीन की तर्ज पर अब भारत में भी सेना में बदलाव किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में एक मजबूत सेना उभर कर खड़ी होगी। इन सभी देशों के सैन्य अधिकारियों के साथ मिलकर किए अभ्यास के बाद लिए गए सर्वोत्तम फैसलों को भारत में प्रयोग किया जा रहा है। नैनीताल पहुंचे सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि अग्निपथ योजना में



सैनिकों के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होगा। पूर्व की भांति सभी सैनिकों को पेंशन व अन्य सुविधा सरकार की ओर से दी जाएगी। सरकार के इस फैसले से देश में तेजी से बढ़ रही बेरोजगारी पर लगाम लगेगी और पहले से अधिक कुशल सेना का गठन होगा। अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार गुरिल्लाओं के लिए भी विशेष योजना बना रही है। जिससे गुरिल्ला युद्ध में सम्मिलित लोगों को भी फायदा मिलेगा। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि देश में विपक्ष की ओर से भ्रम फैलाया जा रहा है। जिस वजह से आज देश में आंदोलन की स्थिति बनी है। युवा भ्रमित होकर सार्वजनिक व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विपक्ष की घबराहट के चलते इस तरह का प्रोपेगेंडा खड़ा किया गया है। विपक्ष की ओर से सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्ष पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक मित्र पहले सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, सीएए पर सवाल खड़े कर रहे थे तो अब सेना में किए जा रहे बदलाव पर सवाल खड़े करते हुए सरकार के कामों में खामियां निकालते हुए देश में दरार डालने का काम कर रहे हैं। विपक्षी देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को बदनाम करने में लगे हैं। विपक्ष राजनीति के अलावा कोई काम नहीं कर रहा।

## बदरीनाथ में सीएम धामी ने की विशेष पूजा अर्चना



देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार सुबह बदरीनाथ धाम पहुंचे। विशेष पूजा–अर्चना कर उन्होंने यहां भगवान बदरी विशाल का आशीर्वाद लिया। दर्शन करने के बाद सीएम ने यहां निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कायों को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है और तेजी से काम कर रही है। शुक्रवार को बदरीनाथ धाम पहुंचे सीएम धामी ने सबसे पहले भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए और देश के सुख समृद्धि की कामना की हैं। हेलीपैड पर श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनकी अगवानी और मंदिर परिसर में उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं को धाम में कोई असुविधा न हो इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। सीएम ने कहा कि धाम में तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में यात्रियों को यहां और भी सुविधाएं मिलेंगी। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि मुख्यमंत्री सुबह आठ बजे हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ स्थित सिविल हेलीपैड पहुंचे थे। वहां से बदरीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

## पशुलोक में कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

देहरादून, नगर संवाददाता। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. संजीव कुमार बालियान द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन, भारत सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड विकास बोर्ड के तत्वाधान में उत्तराखण्ड राज्य के भेड़ बकरी पालकों हितार्थ संचालित राज्य भेड़ बकरी अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन व कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला, पशुलोक, ऋषिकेश का लोकार्पण व उद्घाटन किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री के साथ–साथ अति विशिष्ट अतिथि सुबोध उनियाल वन मंत्री उत्तराखण्ड सरकार, सौरभ बहुगुणा पशुपालन मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, डा0 आर0 मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव मुख्यमंत्री तथा डा बीवीआरसी पुरूषोतम् सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन तथा जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ विजय कुमार जोगदंडे द्वारा कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का उद्घाटन व भ्रमण किया गया।

# ग्लेशियर झील और भूस्खलन से बाढ़ प्रकोप पर हुआ सेमिनार का आयोजन



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

रुड़की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की), और जल संसाधन विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नई दिल्ली, संयुक्त रूप से ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) और लैंडस्लाइड लेक आउटबर्स्ट फ्लड (एलएलओएफ) हिमालयी क्षेत्रों में आपदाएं विषय पर एक राष्ट्रीय हाइब्रिड संगोष्ठी का आयोजन आईआईटी रुड़की के अलावा वेबएक्स के माध्यम से ऑनलाइन भी कर रहे हैं। संगोष्ठी हिमनद और भूस्खलन झील के फटने के कारण बाढ़ से संबंधित खतरों के साथ इसके मानचित्रण और मॉडलिंग के लिए मानक कोड के विकास से संबंधित वर्तमान मुद्दों तथा इससे जुड़े वैज्ञानिक समुदाय के विभिन्न समूहों के बीच विचारों और ज्ञान के आदान–प्रदान के अवसर के रूप में कार्य करेगी। इसकी परिकल्पना बेहतर डॉक्युमेंट्स बनाने, अद्यतन (अपडेट) करने और संबंधित क्षेत्र में नए भारतीय मानकों को तैयार करने में मदद करने के लिए की गई है, जो नवाचार, विकास और सर्वोत्तम प्रथाओं के संचार को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। बीआईएस राष्ट्रीय मानकीकरण के क्षेत्र में एक शीर्ष संगठन है जो मानकीकरण के विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हुए 16 डिवीजन परिषदों के माध्यम से किया जाता है। जल संसाधन विभाग बीआईएस के ऐसे 17 विभागों में से एक है जो इन नदी घाटी परियोजनाओं और भूजल से संबंधित क्षेत्र में मानकीकरण और मानकों के निर्माण से संबंधित है। सम्मेलन प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें संजय पंत, उप महानिदेशक (मानकीकरण–द्वितीय), बीआईएसय आर. भानु प्रकाश, वैज्ञानिक–ई निदेशक एवं प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बीआईएसय प्रो. मनोरंजन परिदा, उप निदेशक आईआईटी रुड़कीय प्रोफेसर अरुण कुमार, हाइड्रो और अक्षय ऊर्जा विभाग, आईआईटी रुड़की साथ ही आईआईटी रुड़की में बीआईएस से संबंधित गतिविधियों के समन्वयक प्रो. सी. एस. पी. ओझा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी, रुड़कीय डॉ अजंता गोस्वामी, पृथ्वी विज्ञान विभाग और डॉ मोहित प्रकाश मोहंती, जल संसाधन विकास और प्रबंधन विभाग, आईआईटी रुड़की उपस्थित हुए।

इस अवसर पर, ग्लेशियोलॉजी और क्रायोस्फेरिक साइंस के क्षेत्र में प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए, जिसमें डॉक्टर अनिल वी कुलकर्णी, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोरय डॉ. रविंदर सिंह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्लीय डॉ. संजय कुमार जैन, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़कीय डॉ. तपस रंजन मार्था और बी.सिम्हाद्री राव, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो हैदराबादय डॉ प्रवीण ठाकुर और डॉ प्रतिमा पांडे, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान, इसरो देहरादून शामिल थे। पैनल चर्चा के दौरान, विभिन्न संगठनों के प्रासंगिक विशेषज्ञों ने भाग लिया, इस विषय पर अपनी राय पर प्रकाश डाला, और जीएलओएफ और एलएलओएफ से संबंधित मानकीकरण और कोड विकास के लिए एक रूपरेखा तैयार करने में मदद की।

संजय पंत, उप महानिदेशक (मानकीकरण–द्वितीय), बीआईएस ने कहा, ष्भारतीय हिमालयी क्षेत्र हिमनदों के पतले होने के कारण ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) की चपेट में आते हैं, जिसके परिणामस्वरूप झीलें बहुत तेज गति से बढ़ रही हैं। इसके परिणामस्वरूप झीलें अस्थिर होने के साथ विनाशकारी बाढ़ का कारण बन रही हैं। बीआईएस इस क्षेत्र में राष्ट्रीय मानकों को तैयार करने के रास्ते पर है ताकि ऐसी घटनाओं के परिणामों को नियंत्रित किया जा सके और उनके वित्तीय पर्यावरणीय सामाजिक प्रभाव को कम किया जा सके। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. अजीत चतुर्वेदी ने कहा, हाल के दिनों में विनाशकारी बाढ़ के बाद, जैसे कि 2013 में केदारनाथ आपदा के दौरान चोराबाड़ी झील के मामले में देखा गया, जीएलओएफ जैसे जोखिम को कम करने के लिए लचीलेपन को मजबूत करके भविष्य में ऐसी चुनौतियों का सामना करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है। आईआईटी रुड़की के उप निदेशक प्रोफेसर मनोरंजन परिदा ने कहा, ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) दुनिया के अधिकांश उच्च–पर्वतीय क्षेत्रों में आजीविका और बुनियादी ढांचे के लिए एक गंभीर और संभावित रूप से बढ़ता खतरा है। सम्मेलन मॉडलिंग दृष्टिकोण को एकीकृत करना है, जिससे जीएलओएफ ट्रिगरिंग, प्रभावित डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों की मात्रा का ठहराव, और इस तरह की जलवायु से संबंधित आपदाओं के लिए अंतर्निहित सामाजिक भेद्यता के आंकलन के लिए वर्तमान और भविष्य दोनों की क्षमता कैप्चर हो सके।

## जनपद का कम्पोजिट स्कोर शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी

रूद्रपुर, नगर संवाददाता। महत्वकांक्षी जनपद के अन्तर्गत निर्धारित सभी मानकों पर जनपद का कम्पोजिट स्कोर शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में योजना के अन्तर्गत जनपद में किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए दिये। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में टीचर्स के सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पदों का डेटा तैयार करते हुए एस्पीरेशनल डिस्ट्रिक्ट के अन्तर्गत टीचर्स की मांग हेतु शासन को डीओ लेटर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल से टीसी कटाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अन्य स्थान पर प्रवेश लेने की सूचना अवश्य ली जाये। उन्होंने हैल्थ एण्ड न्यूट्रीशन सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो तथा टीकाकरण के साथ ही विभिन्न प्रकार की जांचे भी समय से हों। जिलाधिकारी जनपद में दो और एफआरयू (पहली रेफरल ईकाईयां) शीघ्रता से स्थापित करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शहरों में आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों की स्थापना हेतु सम्बन्धित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पोषण, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत संरचना से सम्बन्धित सभी 49 मानकों पर गहनता से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेल्टा स्कोर चाहे जो भी हो, लेकिन सभी मानकों पर कम्पोजिट स्कोर शतप्रतिशत रहना चाहिए।

# शराब की दुकान का किया एक लाख 10 हजार का चालान

नगर संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही शराब की ओवर रेटिंग की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी को जनपद अवस्थित शराब की दुकानों में ' यहाँ पर ओवर रेटिंग नहीं की जाती है,' का बैनर, फ्लैक्स लगाने तथा शराब की ओवर रेटिंग करने व बैनर पोस्टर चस्पा न करने वाली दुकानों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा गत दिवस जनपद अवस्थित शराब की दुकानों पर यहां पर ओवर रेटिंग नहीं की जाती है, की पोस्टर बैनर चस्पा करवाए गए, देहरादून सर्वे चौक



(डालनवाला) शराब की दुकान पर पोस्टर, बैनर चस्पाए गए थे, जिसे हटाने पर उक्त दुकान का 10 हजार का चालान किया गया था तथा पोस्टर, बैनर चस्पा करने के निर्देश दिए गए। आज निरीक्षण के दौरान उक्त मदिरा की दुकान में पोस्टर, बैनर दूसरी बार हटाये जाने पर शराब की दुकान का चालान करते हुए 1 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि शराब की ओवर रेटिंग पर चलाये जा रहे अभियान को हल्के में लेने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए तथा इसकी पुनरावृत्ति करने वालो पर आबकारी एक्ट में निर्धारित प्राविधानों के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में नियमित छापेमारी अभियान चलाते हुए प्रतिदिन कृत कार्यवाही से अवगत कराए। वहीं जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में समस् त दुकानों पर छापामारी अभियान जारी है।

# मरुस्थलीकरण और सूखे को रोकने के लिए विश्व दिवस मनाया



नगर संवाददाता

देहरादून। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) ने 2030 तक क्षरणित भूमि की बहाली और भूमि क्षरण तटस्थता प्राप्त करने के लिए सतत भूमि प्रबंधन पर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है। उत्कृष्टता केंद्र ने मरुस्थलीकरण और भूमि का संयोधान करने के लिए विश्व दिवस मनाया है। उत्कृष्टता केंद्र ने विश्व मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण का संयोधन करने के लिए विश्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से युवाओं (विश्वविद्यालय के छात्रों, युवा शोधकर्ताओं आदि) और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधकों और अन्य हितधारकों को लक्षित करने वाले हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मरुस्थलीकरण और सूखे को रोकने के लिए विश्व दिवस मनाया। मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का विषय है एक साथ सूखे से ऊपर उठना। आर के डोगरा, उप महानिदेशक (प्रशासन और अनुसंधान), आईसीएफआरई ने अपने स्वागत भाषण में मरुस्थलीकरण और सूखे की चुनौतियों और पारिस्थितिक तंत्र और मानव कल्याण पर इसके प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव पर प्रकाश डाला गया।

अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, आईसीएफआरई और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भूमि जीविका के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है और महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के सामान और सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सूखा देश के विभिन्न क्षेत्रों और समग्र आर्थिक विकास को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। सूखा जनसंख्या के एक बड़े हिस्से की आजीविका और अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने आगे कहा कि आईसीएफआरई में सतत भूमि प्रबंधन पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है ताकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और विकसित किया जा सके और भूमि क्षरण के मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल किया जा सके। डॉ. पी.आर. ओजस्वी, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, डॉ. आर.एस. रावत, वैज्ञानिक–ई, आईसीएफआरई, डॉ. एन. बाला, वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक–जी, प्रो. अनिल कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय संस्थान आपदा प्रबंधन और बिक्रम सिंह, निदेशक, मेट्रोलॉजिकल सेंटर, देहरादून ने कार्यक्रम के दौरान मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया। डॉ राजेश शर्मा, एडीजी (जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन) ने कार्यक्रम का समापन किया और सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। डॉ. शिल्पा गौतम, वैज्ञानिक–ई, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन प्रभाग, आईसीएफआरई ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें आईसीएफआरई और इसके संस्थानों के सभी उप महानिदेशक, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और छात्र शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. संजय सिंह, डॉ. कृष्णा गिरि और डॉ गौरव मिश्रा ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, एक की मौत

उधमसिंहनगर, नगर संवाददाता। बाजपुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो भाईयों के परिवारों के बीच खूनी झड़प हो गई। झड़प में एक शख्स की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, जबकि आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बाजपुर के सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र निवासी गंगाराम सैनी और बलबीर सैनी चचेरे भाई हैं। दोनों ही परिवार के बीच भूमि बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार सुबह बलवीर सैनी और उसका बेटा विक्रम सैनी जमीन को खुर्द–बुर्द कर रहा था। इस दौरान गंगाराम की पत्नी भगवती देवी ने इसका विरोध किया तो दोनों पिता–पुत्र ने भगवती देवी पर हमला बोल दिया। इसी बीच भगवती देवी के ससुर अंगन लाल सैनी शोर शराबा सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे और बीच बचाव करने लगे। इस दौरान बलबीर और विक्रम ने अंगन लाल पर भी हमला बोल दिया। इसमें अंगन लाल सैनी घायल होकर जमीन पर गिर गया।

# लेफ्टिनेंट जनरल जे.पी. मैथ्यू ने राज्यपाल से की मुलाकात



देहरादून, नगर संवाददाता। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में लेफ्टिनेंट जनरल जे.पी. मैथ्यू, जीओसी उत्तर भारत एरिया ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल व मेजर जनरल के बीच सेना से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बातचीत हुई। इस अवसर पर अग्निपथ योजना के संबंध में भी दोनों के मध्य चर्चा हुई। जिसमें कहा कि इस योजना से सशस्त्र बलों में यूथफुल प्रोफाइल बढ़ेगा साथ ही उनका स्कील बढ़ेगा जिससे एक परिवर्तन आयेगा जो युवाओं के लिए अच्छे अवसर पैदा करेगा। युवाओं के फौज में आने से 04 साल की ट्रेनिंग के पश्चात् उनकी सोच, विचार और धारणा में एक देशप्रेम का जज्बा और जुनून पैदा करेगी। 25 प्रतिशत युवा फौज में आकर देश की सुरक्षा में अपना योगदान देंगे शेष 75 प्रतिशत युवा राष्ट्र की मुख्यधारा में आकर समाज में अपने कौशल एवं प्रतिभा के बल पर कार्य करेंगे।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा गया कि हरियाणा, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश राज्यों ने कहा है कि ऐसे युवाओं को पुलिस एवं पैरामिलिट्री फोर्स में प्राथमिकता दी जायेगी। वहीं गृह मंत्रालय ने भी कहा है की केन्द्रीय सुरक्षा बलों की भर्ती में भी प्राथमिकता दी जायेगी।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि सरकार का बहुत सराहनीय कदम है कि 02 वर्षों में भर्ती नहीं हुई है जिस कारण पहले भर्ती वर्ष में उम्र में रियायत देते हुए 21 से 23 वर्ष किया गया है जो युवाओं के हित में होगा। अग्निपथ योजना में सरकार द्वारा सुझाव भी आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना इंडियन आर्मड फोर्सेस को ऊँचे दर्जे पर ले जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे युवा जो अग्निवीर बनेंगे तथा अग्निपथ पर चलेंगे वे राष्ट्र निर्माण एवं देश की सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

# हर क्रिकेट फैन तक आईपीएल पहुंचाना हमारा मकसदः नीता अंबानी

देहरादून, नगर संवाददाता। आईपीएल मीडिया राइट्स की ई–नीलामी के बाद प्रतिक्रिया देते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज की डायरेक्टर नीता अंबानी ने कहा, 'खेल हमारा मनोरंजन करते हैं, हमें प्रेरणा देते हैं और हमें एक साथ जोड़े रखते हैं। भारत व खेलों में क्रिकेट और क्रिकेट में आईपीएल बेहतरीन है। यही कारण है कि हमें इस शानदार खेल और इस अद्भुत लीग के साथ अपने जुड़ाव को और गहरा करने पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा, 'हमारा मिशन आईपीएल के शानदार अनुभव को हर क्रिकेट प्रेमी तक ले जाना है, चाहे वे देश या दुनिया के किसी भी हिस्से में हों।' वायकॉम18 ने आईपीएल मीडिया राइट्स के डिजिटल मीडिया के लिए 20,500 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाई. वायकॉम18 न केवल 2023 से 2027 यानी अगले 5 साल तक में प्रत्येक आईपीएल मैच की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग करेगा बल्कि दुनिया भर की शीर्ष खेल लीगों का भी प्रसारण करेगा जिसमें एनबीए और ला लीगा शामिल हैं. वैश्विक स्तर पर वायकॉम18 ने प्रमुख क्रिकेट देशों सहित 5 अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में से 3 में टीवी के साथ–साथ डिजिटल अधिकार भी हासिल किए हैं। वायकॉम18 स्पोर्ट्स दुनियाभर के श्रेष्ठ खेलों का नया डेस्टिनेशन है जिसके टीवी चौनल स्पोर्ट्स18 और डिजिटल प्लेटफॉर्म वूट हैं।

# विश्वविद्यालय डीजी लॉकर के माध्यम से दें डिग्री: डा. धन सिंह रावत

नगर संवाददाता

देहरादून। यूजीसी मानकों के अनुरूप छात्र–छात्राओं को डीजी लॉकर के माध्यम से डिग्री उपलब्ध कराने के निर्देश सभी राजकीय विश्वविद्यालयों को दे दिये गये हैं। विश्वविद्यालय अपना–अपना शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर 180 दिन का अनिवार्य शैक्षिक कार्यक्रम लागू करेंगे, इसके अलावा विश्वविद्यालय 40 दिन में परीक्षाएं आयोजित कर एक माह के भीतर सभी पाठ्यक्रमों के रिजल्ट घोषित करेंगे। छात्र–छात्राओं की समस्याओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों के मध्यनजर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। राज्य में नशा मुक्त कैम्पस के लिये शिक्षण संस्थानों में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में राज्य विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक ली। डॉ0 रावत ने बताया कि यूजीसी मानकों के अनुरूप छात्र–छात्राओं को डिग्री, अंक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय द्वारा डीजी लॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे, इसके लिये सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को



निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि डीजी लॉकर व्यवस्था से छात्र–छात्राओं को अपने शैक्षिक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। विभागीय मंत्री ने विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर 180 दिन का अनिवार्य शैक्षिक कार्यक्रम लागू करने को कहा, साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालयों में केन्द्रीयकृत मूल्यांकन प्रणाली स्थापित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय 40 दिन में परीक्षाएं आयोजित कर 30 दिन के भीतर सभी पाठ्यक्रमों के रिजल्ट घोषित करें। उन्होंने परीक्षा नियंत्रकों को ऐसे महाविद्यालयों के प्राचार्यो को पत्र भेज कर परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करने को कहा जहां परीक्षा परिणामों में लगातार गिरावट आ रही है। ताकि महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं की समस्याओं और पठन–पाठन में आ रही दिक्कतों को दूर किया जा सके। डॉ0 रावत ने महाविद्यालयों में प्रत्येक माह कुलसचिव की उपस्थिति में 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिये। 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्राचार्यों से संवाद स्थापित किया जायेगा। इसके साथ ही राज्यभर के शिक्षण संस्थानों को नशा मुक्त कैम्पस बनाने व जनजागरूकता अभियान संचालित करने लिये नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। इसके अलावा नई शिक्षा नीति लागू करने, सेमेस्टर प्रणाली लागू करने, शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों को शीघ्र भरने, ससमय निर्माण कार्यों को पूरा करने, छात्र निधि के पैसे को छात्र हित में खर्च करने हेतु डीएसडब्ल्यू की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश विश्वविद्यालय के अधिकारियों को बैठक में दिये गये। बैठक में अपर सचिव उच्च शिक्षा एम0 एम0 सेमवाल, उप सचिव शिव स्वरूप त्रिपाठी, अनु सचिव व्योमकेश दुबे, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा डॉ0 ए0एस0 उनियाल, कुलसचिव दून विश्वविद्यालय एम.एस. मन्द्रवाल, कुलसचिव कुमाऊं विवि दिनेश चन्द्रा, कुलसविच श्रीदेव सुमन विवि खेमराज भट्ट, कुलसचिव उत्तराखंड मुक्त विवि डॉ0 पी0डी0 पंत, प्रभारी कुलसचिव सोबन सिंह जीना विवि डॉ0 डी0एस0 बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक दून विवि नरेन्द्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक मुक्त विवि डॉ0 सोमेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक श्रीदेव सुमन विवि डॉ0 एम0एस0 रावत, परीक्षा नियंत्रक कुमाऊं विवि प्रो0 एच0सी0एस0 बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक एस0एस0जे0 विवि एस0के0 जोशी, परीक्षा नियंत्रक उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो0 विजय जुयाल, वित्त नियंत्रक सुनील कुमार रतूड़ी, नमिता सिंह, अनिता आर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टूर आपरेटर पंजीकरण फार्म में यात्री की पूर्ण व्यक्तिगत जानकारी भरें: सचिव पर्यटन

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने उत्तराखंड के टूर ऑपरेटर एसोसिएशन से अपेक्षा की है जो यात्री चारधाम यात्रा के लिए आ रहे हैं पंजीकरण फार्म में पूर्ण व्यक्तिगत जानकारी होनी चाहिए। ताकि यात्रा के समय किसी यात्री को कोई दिक्कत हो तो तत्काल संपर्क साधा जा सके। सचिव पर्यटन ने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ अवसरों पर टूर ऑपरेटर्स ग्रुप के सभी व्यक्तियों के सम्मुख एक समान मोबाइल नंबर कॉपी पेस्ट कर रहे जो सर्वथा अनुचित है।

सचिव पर्यटन ने टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि ग्रुप के सभी व्यक्तियों के आगे एक ही मोबाइल नंबर होना सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अवांछित घटना की स्थिति में सही मोबाइल नंबर के माध्यम से ही



सबंधित यात्री से संपर्क किया जा सकता है और उसे सम्भव सहायता प्रदान की जा सकती है। सचिव पर्यटन ने पत्र में लिखा है कि टूर ऑपरेटर पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख हितधारक है। इसलिए आपसे अपेक्षा है कि भविष्य में ऑनलाईन पंजीकरण के दौरान प्रत्येक यात्री की पूर्ण व्यक्तिगत जानकारी को फॉर्म में अंकित करें। जिससे चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके। सचिव पर्यटन ने एसोसिएशन से यह भी अपेक्षा की है कि पंजीकरण व्यवस्था में अगर किसी तरह के सुधार की जरुरत हो तो अवश्य पर्यटन विभाग को अवगत कराए।

गौरतलब है कि राज्य में चारधाम यात्रा को लेकर पर्यटन विभाग यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए हर संभव सहायता मुहैया करा रहा है। इसी क्रम में यह संज्ञान में आया कि कई यात्रियों के नाम के आगे एक ही मोबाइल नंबर है। ऐसे में अगर कोई घटना घटती है तो सही यात्री तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए सचिव पर्यटन ने टूर ऑपरेटर एसोसिएशन को इस संबंध में पत्र लिखकर आगाह किया है ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलती न हो।

# अज्ञात चोर होटल से नकदी व कागजात लेकर फरार

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। चोरों ने होटल के कमरे में घुसकर नकदी व कागजात चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीर्थनगरी ऋषिकेश के कोयल घाटी क्षेत्र में दो अज्ञात चोरों ने एक होटल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर अपने साथ होटल के कर्मचारियों के बैग से 13 हजार रुपए, होटल की चाबियां, पर्स और कागजात लेकर फरार हो गए। वारदात की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। जिसमें एक चोर की तस्वीर साफ दिखाई दे रही है। होटल के मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार हरिद्वार रोड पर कोयल घाटी स्थित एक होटल में सुबह करीब चार बजे दो चोर घुस गए। एक चोर ग्राउंड फ्लोर पर खड़ा होकर निगरानी करने लगा। जबकि, दूसरा चोर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से होकर होटल के अंदर घुस गया। इस दौरान चोर ने सबसे पहले स्टोर का दरवाजा खोला। स्टोर में होटल कर्मचारी सुनील कुमार और धीरज मेहता के बैग से नकदी, कागजात व होटल की अतिरिक्त चाबियां चुरा ली। जिस रास्ते से चोर आया उसी रास्ते से वो वापस फरार हो गया। वारदात की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गई। सुबह होटल के कर्मचारी उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। होटल के मैनेजर प्रमोद जोशी ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के बाद चोरी की पुष्टि की. जिसके बाद पुलिस को जानकारी देकर मौके पर बुलाया। प्रमोद जोशी ने बताया कि पर्यटकों की कमी के चलते होटल में कोई भी कमरा भरा हुआ नहीं था। इसलिए होटल के कर्मचारी ग्राउंड फ्लोर के कमरे में सो रहे थे। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। होटल मैनेजर प्रमोद जोशी ने चोरी की तहरीर भी पुलिस को सौंप दी है। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संपादकीय.............

## मौसम की जानकारी लेकर ही बनाएं उत्तराखण्ड आने का प्लान

उत्तराखण्ड में एक बार फिर मौसम बदलने जा रहा है। आने वाले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्य में चार धाम समेत अनेक जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। ऐसे में पर्यटन विभाग ने उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) में बने कंट्रोल रूम के ट्रोल फ्री नंबर या मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से मौसम व मार्गों की पूर्ण जानकारी लेकर और पंजीकरण करने के बाद ही उत्तराखण्ड आने का प्लान बनाए। इसके अलावा यात्रा के दौरान तीर्थयात्री ऊनी कपड़े, छाता, रेनकोट, वाटरप्रूफ ट्रेकिंग शूज, चलने की छड़ी, टोपी, दस्ताने भी अपने साथ रखें। मौसम विभाग के अनुसार 17 जून को अधिकांश स्थानों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। जबकि उत्तरकाशी, देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिले में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावनाएं जताई हैं। 18 जून को भी राज्य में बारिश की संभावना है। जबकि 19 जून को गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के क्षेत्रों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 20 व 21 जून को प्रदेश के जनपदों में कहीं–कहीं तीव्र बौछार होने के साथ कुमाऊं मंडल के जिलों के अनेक स्थानों व गढ़वाल मंडल के जिलों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम गर्जन के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना वाले जिलों में हल्का भूस्खलन, चट्टान गिरने, सड़कें बंद होने, नदी–नालों में पानी बढ़ने को लेकर चेतावनी जारी की है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए पर्यटकों को उत्तराखण्ड आने से पहले मौसम व मार्गों की पूर्ण जानकारी लेकर आने की सलाह दी जाती है। पर्यटक कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0135–1364 व 0135–2559898, 0135–2552627 समेत आपदा प्रबंधन के टोल फ्री नंबर 1070 या 0135–276066 व मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर मार्ग व मौसम की जानकारी ले सकते हैं।

## सीएम ने किया ''द लीजेण्ड ऑफ कोश्यारी भगत दा'' पुस्तक का विमोचन

देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक द लीजेण्ड ऑफ कोश्यारी भगत दा का विमोचन किया। उन्होंने पुस्तक के लेखक एवं प्रकाशकों को भगत सिंह कोश्यारी के जन्म दिन के अवसर पर पुस्तक का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित करने के लिये आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने भगत सिंह कोश्यारी को जन्म दिवस की शुभकामनाये देते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व का हर पहलू प्रेरणादायी है। वे सहजता की प्रतिमूर्ति है वे व्यक्ति के साथ मिशन है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी वास्तव में भारतीय राजनीति के पुरोधा, जन नेता, कुशल प्रशासक एवं विचारक है। वे राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं गौरव के भी प्रतीक है। अपने जीवन की शुरूआत में ही उन्होंने एक राजनेता के साथ ही कुशल शिक्षक के रूप में समाज को दिशा देने का कार्य किया। ऐसे विद्वान एवं सरल स्वभाव के व्यक्तित्व का देश के प्रमुख राज्य महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उपस्थिति हम सबको गौरवान्वित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भगत सिंह कोश्यारी के सानिध्य में रहकर सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री कोश्यारी ने सामान्य परिवेश में रहकर शिखर छूने का कार्य किया है तथा अपने पुरुषार्थ से महानता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में 30 वर्षों से लम्बित टिहरी डैम को उसके पूर्ण स्वरूप में लाने का श्रेय भी कोश्यारी को है। प्रदेश में ऊर्जा मंत्री रहते उन्होंने इसके लिये राजनैतिक नफा नुकसान की चिंता न करते हुए बांध बनाने में अपना योगदान दिया। श्री कोश्यारी सभी नीतिगत विषयों के जानकार, दृढ़ निश्चय वाले व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने सीख दी कि पूरे प्रदेश को समझने, जन समस्याओं की जानने का प्रयास करो, वक्त आने पर व्यक्ति के अच्छे कार्यों को पहचान मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको साथ लेकर चलना, छोटे–बड़े का भेदभाव न कर सभी को आगे बढ़ाने में मदद करने की भी सीख हमें श्री कोश्यारी से मिली है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक यमुनाघाटी दौरे पर पहुँचे, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



बड़कोट, नगर संवाददाता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक उत्तरकाशी के दो दिवसीय दौरे पर यमुनाघाटी पहुँचे ,जहाँ पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल होने पर देश भर में संगठन जनसभाओं के माध्यम से सरकार की विकारकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का अभियान छेड़े हुये है। इसी को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक उत्तरकाशी मुख्यालय में कल यानी (आज) जन समुदाय को केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच शेयर करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का शुक्रवार को यमुनाघाटी के डामटा, बर्निगाड, नौगाँव ,बड़कोट , खरादी ,जानकीचट्टी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद यमुनोत्री धाम पहुँचकर माँ यमुना के दर्शन किये। राज्य की कुशल क्षेम की कामना मातारानी से की। उन्होंने इस दौरान यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और अन्य प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं से उनके हाल जानते हुए चार धाम यात्रा की फीडबेक भी ली ताकि सरकार से चारधाम यात्रा की सुगम व्यवस्था को बेहतरी से किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को उत्तरकाशी में जनसभा को संबोधित करेंगे। यमुनाघाटी के भ्रमण में मंडल अध्यक्ष मुकेश टम्टा, महामन्त्री अमित रावत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, बचन सिंह, सरदार सिंह, अनिल सिंह, बॉबी चौहान, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान ने योगाभ्यास कार्यक्रम में किया प्रतिभाग



देहरादून, नगर संवाददाता। केंद्रीय राज्य मंत्री पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन भरत सरकार मंत्री संजीव बालियान परमार्थ निकेतन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पशुपालन, डेयरी व मत्स्य पालन के विकास की अपार संभवनाएं मौजूद हैं, इससे लोगों को स्वरोजगार के बहुत से साधन उपलब्ध हो सकते हैं तथा उनकी आर्थिकी भी मजबूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में अनेक योजनाएं संचालित की है, जिनका उचित व प्रभावी क्रियान्वयन होने पर उत्तराखंड की दिशा व दशा बदल सकती है। उन्होंने इन क्षेत्रों से सम्बंधित योजनाओं व कार्यक्रमों के संबंधों में केंद्र सरकार से उत्तराखंड को हर सम्भव आश्वाशन दिया। केंद्रीय मंत्री बलियान ने कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिकता व प्राकृतिक सुंदरता से अभिभूत है तथा वह गंगा घाट पर गंगा के मनोहारी और सुरम्य नजारे से मन्त्रमुग्ध हुए। उन्होंने सभी को आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान वन मंत्री उत्तराखंड सरकार सुबोध उनियाल ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री ने भारत के योगा को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए बड़ा योगदान किया है। उनके ही अथक प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है।

# बद्रीनाथ पहुंचकर मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों का सीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



चमोली, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को श्री बद्रीनाथ पहुंचकर मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान सीएम ने रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, एराइवल प्लाजा, झीलों का सौंदर्यीकरण, अस्पताल का विस्तारीकरण, लूप रोड व बीआरओ बाईपास निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्यमंत्री को मास्टर प्लान के तहत प्रथम चरण में संचालित कार्यो की प्रगति से अवगत कराया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के चारों धामों में हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम हो, इसके लिए सरकार संकल्पबद्ध है। कहा कि प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बद्रीनाथ धाम में भी तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए ढांचागत विकास कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से बद्रीनाथ धाम में विकास कार्य किए जाएंगे। मास्टर प्लान के तहत स्ट्रीट स्कैपिंग, क्यू मैनेजमेंट, मंदिर एवं घाट सौंदर्यीकरण, तालाबों का सौंदर्यीकरण, बद्रीश वन, पार्किंग फैसिलिटी, सड़क एवं रिवर फ्रंट डेवलपमेंट आदि निर्माण कार्य चरणबद्ध ढंग से किए जाएंगे और बदरीनाथ मंदिर के चारों ओर श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट केदारनाथ धाम की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम को भी विकसित करने हेतु मास्टर प्लान के तहत चरणबद्ध ढंग से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। जिसमें पहले चरण का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान श्री बद्रीनाथ की विशेष पूजा अर्चना करते हुए देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना भी की। बद्रीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, एडीएम आशीष त्रिपाठी, एसडीएम कुमकुम जोशी, सीओ धन सिंह तोमर, सीओ नताशा सिंह, सहकारी बैंक अध्यक्ष गजेंद्र रावत, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मास्टर प्लान से संबंधित जिला स्तरीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से 'नभ नेत्र' का उद्घाटन किया



देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से 'नभ नेत्र' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, किसी भी आपदा की स्थिति में ड्रोन तकनीक पर आधारित यह मोबाइल ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन आपदा संबंधी डाटा जुटाने में कारगर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नभनेत्र की सराहना की और साथ ही व्ा।ट्व की टीम को प्रमाणपत्र भी दिए।

आई.टी.डी.ए निदेशक अमित सिन्हा ने जानकारी दी कि उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा आने या आपात स्थिति बनने के समय डेटा जुटाने, प्रोसेस करने और स्थिति पर निगरानी रखने जैसी चुनौतियां रहती हैं। अब इन तमाम मोर्चों के लिए ड्रोन तकनीक की मदद बड़े पैमाने पर ली जा सकेगी । इसके लिए ड्रोन एप्लिकेशन रिसर्च सेंटर ने मोबाइल ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन विकसित किया है जिसका उद्देश्य आपदा या आपातकालीन स्थिति के दौरान ड्रोन का उपयोग करने एवं ड्रोन के माध्यम से डेटा एकत्रित करने में किया जायेगा। इसके साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से आपदा पूर्व एवं आपदा पश्चात मानचित्र तैयार किया जाएगा। यह स्टेशन पूरी तरह एक वाहन पर स्थापित किया गया है। इस ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन को डेटा प्रोसेसिंग के लिए हाई स्पीड वर्कस्टेशन, बैंडविड्थ एग्रीगेशन और बिना नेटवर्क जोन वाले क्षेत्रों के लिए वी–सैट से युक्त किया गया है। इस वाहन का उपयोग उत्तराखंड सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन और सभी संवेदनशील आपदा संभावित क्षेत्रों की 3डी मैपिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर आईटीडीए से नवनीत शौनक, शयान अली, हिमांशी राणा, याशिका पाण्डे, शिखा पाण्डे, शशांक मुटनेजा, विपिन कुमार, दीपांकर बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# कामकाज निपटाने के बाद सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नगर संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड की पांचवी विधानसभा का चार दिवसीय बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विपक्ष एवं पक्ष के सभी सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशहित एवं जनहित के अनेक विषयों पर सदन में दोनों दलों द्वारा शांति पूर्वक गंभीर चिंतन–मनन किया गया। चार दिवसीय बजट सत्र की कार्यवाही 22 घंटे 43 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि सत्र के दौरान विधान सभा को 573 प्रश्न प्राप्त हुए, जिसमें स्वीकार 14 अल्पसूचित प्रश्न में 4 उत्तरित, 190 तारांकित प्रश्न में 61 उत्तरित, 339 आतारांकित प्रश्न में 165 उत्तरित, कुल 17 प्रश्न अस्वीकार एवं 3 विचाराधीन रखे गए। 9 याचिकाओं में से सभी याचिका स्वीकृत की गई। नियम 300 में प्राप्त 76 सूचनाओं में से 21 सूचनाएं स्वीकृत, 26 सूचनाएं ध्यानाकर्षण के लिए। नियम–53 में 54 सूचनाओं में 6 स्वीकृत एवं 20 ध्यानाकर्षण के लिए रखी गई। नियम–58 में प्राप्त 32 सूचनाओं में 14 को स्वीकृत किया गया। नियम–310 में 4 सूचना प्राप्त हुई, जो कि नियम 58 में परिवर्तित की गई। जो विधेयक पारित किए गए उनमें उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2022, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2022, उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022 वउत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन (संशोधन) विधेयक, 2022 शामिल हैं। जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए उनमें आर्थिक सर्वेक्षण उत्तराखण्ड, वर्ष 2021–22 खण्ड–1, उत्तराखण्ड मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रस्तुत वार्षिक्क विशेष रिपोर्ट, 2012–18 एवं 2018–19, महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राज्य के वित्त पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या–1 वर्ष 2022, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग का बीसवां वार्षिक प्रतिवेदन ( अवधि 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक) उत्तराखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग 2005 की धारा 16 (2) के अन्तर्गत वर्ष 2017–18, वर्ष 2018–19 एवं वर्ष 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट शामिल है।

देहरादून
livecrimepatrol@gmail.com
क्राइम पेट्रोल
शनिवार 18 जून 2022, देहरादून।


# टेम्पो ट्रैवलर: पुलिस ने पकड़ा फर्जीवाड़ा

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

चमोली। अपराधी कितना भी शातिर हो, पुलिस की नजरों से नही बच सकता है। ऐसा ही प्रकरण सामने आया जिसमें पुलिस को गोपनीय सूत्रो से सूचना प्राप्त हुई कि 'एक ही पंजीकरण नंबर की दो टेम्पो ट्रैवलर' जोशीमठ से श्री बद्रीनाथ धाम की तरफ गयी है।

पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के संज्ञान में आते ही उनके द्वारा दोनों वाहनों की ढूंढ खोज के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए यातायात निरीक्ष कैलाश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में बद्रीनाथ धाम से माणा तक सभी वाहनों की गहनता




से छानबीन की गयी। काफी ढूंढखोज करने के बाद माणा रोड़ की तरफ एक वाहन माणा पार्किंग में व दूसरा माणा रोड़ के पास मिला। उक्त दोनों गाडियों में एक ही पंजीकरण नंबर की नंबर प्लेट लगी हुयी थी। एक ही नंबर प्लेट होने पर संदिग्ध पाये जाने पर दोनो वाहनों व उनके चालक सुनील कुमार पुत्र करमचंद निवासी नामगढ़ पटियाला पंजाब व राकेश कुमार पुत्र धर्मचंद निवासी बजवाड़ा होशियारपुर पंजाब को थाना लाया गया। जहां पूछताछ में पहले तो दोनों चालक गाड़ी नंबर सही होने की बात कहते रहे लेकिन बाद में जैसे ही दोनों वाहनों के दस्तावेजों की गहनता से जाँच की गयी तो फर्जीवाडे का राज खुल गया। जिसमें चालक राकेश कुमार व वाहन स्वामी चरणजीत सिंह व अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी, कूट रचनाकर व नकली दस्तावेज बनाकर 2 टेम्पो ट्रैवलर एक ही नम्बर से चलाना पाया गया। जिसके आधार पर उक्त के विरुद्ध कोतवाली श्री बद्रीनाथ में मुकदमा पंजीकृत कर चालक रमेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा इस गैंग का पता लगाया जा रहा है ये देशभर में कहाँ से संचालित होता है व इसमें किस–किस की सहभागिता है जिसके लिए विवेचना जारी है। चमोली पुलिस संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की चेकिंग को लेकर लगातार अभियान चला रही है जो आगे भी जारी रहेगा।

# अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मौत

प्रदेश में अलग–अलग जगह हुए हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। दो जगह वाहन गहरी खाई में जा गिरे, जिन हादसों में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं नैनीताल में दोस्तों संग निकला युवक गदेरे में डूब गया। उधर श्रीनगर बैराज में एक अन्य युवक का शव मिला है। चारों जगह सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू चलाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं शवों को स्थानीय पुलिस को सौंपा गया। रेस्क्यू अभियान में स्थानीय पुलिस टीम भी शामिल रही।

## मयाली तिलवाड़ा मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, एक की मौत

देहरादून, नगर संवाददाता। देर रात मयाली विलवाड़ा मार्ग पर सड़क हादसे में वाहन सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन सवार चार अन्य घायल बताए गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भरती कराया गया है। एसडीआरएफ टीम को देर रात्रि थाना अगस्त्यामुनी से सूचना प्राप्त हुई कि मयाली तिलवाड़ा के बीच एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट अग्स्त्यामुनी से उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पता चला कि उक्त वाहन ऑल्टो जिसकी वाहन है। जिसमे 5 लोग सवार बताए गए, जो मयाली से पैखाल की ओर आ रहे आ रहे थे। तिलवाड़ा से थोड़ी दूर आगे जाकर वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभर 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जिससे वाहन में सवार 4 लोग घायल हो गए व एक व्यक्ति को मौके पर मृत्यु हो गई। एसडीआरएफ टीम द्वारा अत्यंत विषम परिस्थितियों व रात्रि के घनघोर अंधेरे में त्वरित रेस्क्यू कर उक्त वाहन में सभी घायलों को मुख्य तक लाया गया तथा उसके उपरांत सर्वप्रथम प्राथमिक उपचार देकर 108 के माध्यम से अस्पताल भेजा गया व उसके पश्चात मृतक के शव को बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर बॉडी बैग के माध्यम से जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## श्रीनगर बैराज में युवक का शव मिला

श्रीनगर। एसडीआरएफ को सूचना मिली कि श्रीनगर बैराज में एक अज्ञात शव दिखाई दे रहा है जिसे निकालने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मय राफ्ट व रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल के लिए रवाना हुई। बैराज में गहन सर्चिंग के दौरान एसडीआरएफरेस्क्यू टीम द्वारा एक अज्ञात शव बरामद कर लिया गया। जिसे किनारे लाकर बॉडी बैग के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर सिविल पुलिस के सुपुर्द किया गया।




## गदेरे में डूबा युवक, एसडीआरएफ ने किया शव बरामद

नैनीताल। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा एसडीआरएफ टीम को अवगत कराया गया कि नलेना गेदेरे में एक लड़का डूब गया है। जिसकी सर्चिंग हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यता है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट नैनीताल से मुख्य आरक्षी लाल सिंह के नेतृत्व टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत पता चला कि उक्त युवक अपने 4 दोस्तो के साथ बेलुआ खाल गांव ज्योलिकोट से नालेना गदेरे में नहाने के लिए गए थे। गदेरे में पानी अत्याधिक गहरा होने पर उक्त युवक 15 फीट गहरे पानी में डूब गया। एसडीआरएफ टीम द्वारा उक्त युवक नाम कार्तिक कुमार पुत्र बसंत लाल उम्र 20 वर्ष बेलवाखाल नैनीताल के शव को पानी की गहराई से बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया।

## मैक्स खाई में गिरी, युवक की मौत

पौड़ी। गत दिवस शुक्रवार को थाना धुमाकोट क्षेत्र के निकट हल्दूखाल के पास मैक्स के खाई में गिरने पर पुलिस ने मौके पर पंहुचकर रेस्क्यू कर घायल व्यक्तियों को बाहर निकाल कर स्वास्थ केन्द्र में पहुंचाया। धुमाकोट क्षेत्र से प्राप्त सूचना के अनुसार एक मैक्स पिकअप विकास खण्ड नैनीडाण्डा के हल्दूखाल के पास गहरी खाई में गिर गयी थी। जिसकी सूचना थाना धुमाकोट को मिलने से मय पुलिस टीम राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुँचे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में 2 व्यक्ति सवार थे, जिनको पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु एम्बुलेन्स व निजी वाहन से नैनीडांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। चिकित्सक द्वारा दो घायल व्यक्तियों में से एक व्यक्ति सुनील उम्र–17 वर्ष को मृत घोषित किया गया। जबकि दूसरे व्यक्ति राजेन्द्र जो अत्याधिक गंभीर अवस्था के कारण चिकित्सालय रामनगर रेफर किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोट:- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।